# हिन्दी

## (दूर्वा)(पाठ–8)(काबुलिवाला – रवींद्रनाथ टैगोर )
## (कक्षा 7)

**प्रश्न 3:**

**पाठ संबंधी प्रश्न**

**प्रश्न क:**

मिनी को ऐसा क्यों लगता था कि काबुलीवाला अपनी झोली में चुराए हुए बच्चों को छिपाए हुए है?

**उत्तर क:**

बचपन में बच्चों को डराकर रखा जाता था कि षैतानी मत करो झोली वाला बाबाजी पकड़ कर ले जाएगा इसीलिए काबुलिवाले की झोली देखकर मिनी डर जाया करती थी कि उसकी झोली में भी उसकी तरह के दो–तीन बच्वें हैं जिन्हें वह पकड़ कर लाया है ।

**प्रश्न ख:**

मिनी की काबुलीवाले से मित्रता क्यों हो गई?

**उत्तर ख:**

मिनी की काबुलीबाले से इसलिए मित्रता हो गई  क्योंकि उसकी भी एक छोटी बेटी थी जो दूसरे मुल्क में रहती जहॉ से काबुलीवाला यहॉ मेवा बेचने आया था । वह मिनी को अपन बेटी की तरह मानता था और प्यार करता था इसलिए दोनों में मित्रता हो गई ।

**प्रश्न ग:**

काबुलीवाला हमेशा पैसे क्यों लौटा देता था?

**उत्तर ग:**

काबुलिवाला हमेषा पैसे इसलिए लौटा देता था क्योंकि उसे लगता था कि वह अपनी बेटी को सामान दे रहा है और बेटी से पैसे नहीं लिए जाते ।

**प्रश्न घ:**

वर्षों बाद मिनी के पिता ने काबुलीवाले को उसकी किस बात से पहचान लिया?

**उत्तर घ:**

वर्षों बाद जब काबुलिवाला मिनी के पिता के पास आया तो उसने अपनी जेब से एक मैला सा कागज निकालकर उनकी मेज पर रख दिया जिस पर उसकी बेटी के नन्हें हाथें के निषान छपे थे जिन्हें देखकर उन्होंने उसे पहचान लिया ।

**प्रश्न 4:**

**सोचो और जवाब दो**

**प्रश्न क:**

रहमत ने एक धोखेबाज आदमी को छुरा मार दिया। क्या उसने ठीक किया? आपस में चर्चा करो कि अगर तुम रहमत की जगह होते तो क्या करते ?

**उत्तर क:**

रहमत ने एक धोखेबाज आदमी को छुरा मारकर अच्छा नहीं किया क्योंकि सजा देना कानून का काम हैं न कि आम आदमी का यदि रहमत की तरह हर आदमी ऐसे ही बदला लेने लगे तो समाज में अराजकता फैल

जाएगी । यदि रहमत कानून का सहारा लेता तो उसे जेल न जाना पड़ता और अपनी बच्ची से भी दूर नहीं होना पड़ता । यदि मैं उसकी जगह होता तो उसको पुलिस के हवाले कर देता ।

**प्रश्न खः**

मिनी की माँ रहमत पर नजर रखना चाहती थी परंतु पिता रहमत को मना नहीं कर पाते थे। तुम्हारे विचार में कौन सही था? क्यों?

**उत्तर खः**

मिनी की मॉ रहमत पर इसलिए नजर रखती थीं क्योंकि आज के समय में किसी अनजान पर एकदम भरोसा नहीं किया जा सकता यदि वह उस छोटी सी बच्ची को उठा कर ले जाए तो क्या होगा । इसके विपरीत मिनी के पिता रहमत को एक पिता के रूप में देखते थे जिसकी बच्ची उनकी बच्ची के बराबर है और उनका मानना था कि वह मिनी में अपनी बच्ची को देखता है । मेरे विचार में दोनों अपनी जगह सही थे , मगर मिनी की मॉ आज के समय के अनुसार अपने स्थान पर ज्यादा सही थीं

**प्रश्न गः**

मान लो तुम मिनी हो। अब अपनी कहानी पूरी कक्षा को सुनाओ।

**उत्तर गः**

बच्चे अपनी कल्पना के आधार पर कहानी का निर्माण करेंगे ।

**प्रश्न घः**

तुम नीचे लिखे वाक्य को अपनी भाषा में कैसे कहोगे ?

'पलक झपकते ही रहमत का चेहरा आनंद से खिल उठा।

**उत्तर घः**

पलक झपकते ही रहमत खुष हो गया ।

**प्रश्न 5:**

**सही मिलान करो**

| | |
|---|---|
| **क** बे–सिर–पैर | तुरंत |
| **ख** पलक झपकते ही | बिना मतलब की |
| **ग** बँधी हुई बातें | चेहरा सामने से हटा लेना |
| **घ** बात चलना | निश्चित बातें/ एक ही तरह की बातचीत |
| **ङ** मुँह फेरना | बात शुरू होना |

## 6. शब्द जाल

काबुलीवाला मेवे बेचता था। नीचे कुछ मेवों के नाम लिखे हैं। उन्हें दिए गए शब्दजाल में ढूँढो। ये संज्ञा हैं। इसकी विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण होते हैं। उसे भी सोचकर लिखो।

क पिस्ता
ख छुआरा
ग बादाम
घ काजू
ङ किशमिश
च अखरोट

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| का | जू | का | पि | का |
| कि | बा | दा | मि | छु |
| श | पि | स्ता | ट | आ |
| मि | श | रो | आ | रा |
| श | अ | ख | रो | ट |
| छु | बा | दा | म | जू |

**उत्तर-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| का | जू | का | पि | का |
| कि | बा | दा | मि | छु |
| श | पि | स्ता | ट | आ |
| मि | श | रो | आ | रा |
| श | अ | ख | रो | ट |
| छु | बा | दा | म | जू |

## 7. घूमना-फिरना

'काबुलीवाला के साथ बातचीत करने से बाहर जाने का काम हो जाता है।' मिनी के पिता का ऐसा कहना बताता है कि वह काबुली से बात करके बाहर के देश-दुनिया के बारे में जानकारी प्राप्त कर लेता था। आज इसके अलावा और किन किन साधनों से देश-विदेश के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है?

सूची बनाओ।

**उत्तर-**

निम्नलिखित साधनों से जानकारी प्राप्त की जा सकती है-

(i) कंप्यूटर (इंटरनेट) के माध्यम से।

(ii) टी.वी. के माध्यम से।

(iii) सिनेमा के माध्यम से।


(iv) पुस्तकों के माध्यम से।

(v) चित्रों के माध्यम से।

(vi) समाचार-पत्रों के माध्यम से।

(vii) पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से।

### 8. देखो, समझो और करो



क पहले खाने में घड़ा है।

ख तीसरे खाने में ........... है।

ग पाँचवे खाने में पगड़ी है।

घ दसवें खाने में .......... है।

ङ .............. खाने में कुर्ता है।

च नौवें खाने में ........... है।

छ .......... खाने में चूहा है।

ज दूसरे खाने में ............ है।

झ .............. खाने में ............ है। यह हमारा राष्ट्रीय पक्षी है।

ञ ........... खाने में .......... है। इसे चेहरे पर लगाते हैं।

**उत्तर-**

(क) पहले खाने में घड़ा है।

(ख) तीसरे खाने में **<u>साँप</u>** है।

(ग) पाँचवे खाने में **<u>पगड़ी</u>** है।

(ङ) **<u>छठे</u>** खाने में **<u>कुर्ता</u>** है।

(च) नौंवे खाने में **<u>गिलास</u>** है।

(छ) **<u>आठवे</u>** खाने में चूहा है।

(ज) दूसरे खाने में **<u>सीढी</u>** है।

(झ) **<u>सातवें</u>** खाने में **<u>मोर</u>** है। यह हमारा राष्ट्रीय पक्षी है।

(ञ) **<u>चौथे</u>** खाने में **<u>मुखौटा</u>** है। इसे चेहरे पर लगाते हैं।

## 9. इन शब्दों को देखो

| | | | |
|---|---|---|---|
| बेटी | काबुलीवाला | नायक | जेल |
| खिड़की | झोली | पैर | बच्चा |
| रहमत | | | |

ये संज्ञा है। इनकी विशेषता बताने वाले शब्द को विशेषण कहते है। तुम्हें इनके साथ जो भी विशेषण ठीक लगे उसे लगाकर वाक्य बनाओ।

**उत्तर-**

1. **बड़ी** बेटी को घर लेकर आना।
2. काबुलीवाला **अच्छा** है।
3. नाटक में **बूढ़ा** नायक पहली बार सुना है।
4. **बड़ी** जेल में इन्हें भेज दो।
5. **विशाल** खिड़की मेरे पिताजी ने बनवाई थी।
6. **तुम्हारी** झोली में चार आम रखे हैं।
7. **छोटे** पैर बहुत सुंदर लगते हैं।
8. **शैतान** बच्चा रो रहा है।
9. रहमत **सच्चा** है।